RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार, 20 अक्टूबर 2022 | वर्ष 04 | अंक 159 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## 26/11 की तर्ज पर मुंबई को फिर दहलाने की धमकी...!

### महाराष्ट्र में अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसिया...




**मुंबई:** रोशनी के पर्व दिवाली को देखते हुए मुंबई पुलिस अलर्ट मोड पर है। इसके चलते पुलिस भीड़भाड़ वाले बाजारों आदि स्थानों पर नजर रखे है। इस बीच मुंबई में तीन जगहों पर बम धमाकों की फोन कॉल आई। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां फोन करने वाले की पहचान करने की कोशिश कर रही हैं ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। मुंबई पुलिस ने बताया कि कॉलर ने दावा किया कि इंफिनिटी मॉल अंधेरी, पीवीआर मॉल जुहू और सहारा होटल एयरपोर्ट में विस्फोट होंगे। इस पर पुलिस ने सभी जगहों पर जांच-पड़ताल की। कहीं भी कुछ संदिग्ध नहीं मिला। फलिहाल पुलिस फोन करने वाले की तलाश में जुटी है। इससे पहले अंधेरी स्थित अंबानी हॉस्पिटल और अंबानी परिवार को जान से मारने की धमकी मिली थी। इस मामले में दहिसर से विष्णु भौमिक और बिहार से राजेश मिश्रा को गिरफ्तार किया गया था।

# एंटी नारकोटिक सेल का एक्शन...!

## 60 लाख के ड्रग्स के साथ तीन गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने शहर में दो स्थानों पर छापेमारी के दौरान 60 लाख रुपये मूल्य का मादक पदार्थ ''मेफेड्रोन'' जब्त किया और इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने बुधवार (19 अक्टूबर) को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि मुंबई अपराध शाखा के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ यानी एंटी नारकोटिक्स सेल ने छापेमारी को अंजाम दिया. एएनसी के एक अधिकारी के मुताबिक, ''एएनसी ने दक्षिण मुंबई के कुर्ला और डोंगरी में छापेमारी की और 60 लाख रुपये मूल्य की मेफेड्रोन या अन्य नशीली दवाएं जब्त कीं. प्रतिबंधित पदार्थों को जब्त करने के बाद एक ऑटोरिक्शा चालक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया.'' उन्होंने बताया कि पहली छापेमारी सोमवार को कुर्ला इलाके में की गई, जहां चालक को एएनसी की आजाद मैदान इकाई ने 42 लाख रुपये मूल्य के नशीले पदार्थों के साथ



पकड़ा था. एएनसी ने कहा कि आरोपी हिस्ट्रीशीटर है और पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि उसने यह मादक पदार्थ कहां से खरीदे और इनकी आपूर्ति कहां करना चाहता था. अधिकारी ने बताया कि दूसरी छापेमारी में एएनसी की घाटकोपर इकाई ने मंगलवार को दक्षिण मुंबई में एक व्यक्ति सहित डोंगरी से दो लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से करीब 18 लाख रुपये की प्रतिबंधित नशीले पदार्थ बरामद किए.

### एनडीपीएस के तहत हुआ केस दर्ज!

**अधिकारी ने कहा कि एएनसी ने आरोपी के खिलाफ स्वापक नियंत्रण रोधी अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए हैं. आगे की जांच जारी है. बता दें कि यह पहला मामला नहीं है. मंगलवार(18 अक्टूबर) को राजस्व खुफिया निदेशालय की मुंबई जोनल यूनिट के अधिकारियों ने मुंबई एयरपोर्ट के एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स में करीब 86.5 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाला हाइड्रोपोनिक ड्रग्स मिला था. इसे महाराष्ट्र में मुंबई के नजदीक भिवंडी के लिए भेजना था. जांच के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार किया था. इससे पहले मुंबई एएनसी ने गुजरात के भरूच के अंकलेश्वर से भी पुलिस ने लगभग 513 किलोग्राम एमडी ड्रग्स बरामद किया था.**

# लंपी वायरस को लेकर कैसी है तैयारी?

### महाराष्ट्र सरकार से HC ने मांगी जानकारी



**महाराष्ट्र :** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को कहा कि पशुओं में लंपी वायरस व्यापक रूप से फैला हुआ है. इस बीमारी को लेकर महाराष्ट्र सरकार की नीति और तैयारी के बारे में जानने के लिए कोर्ट ने राज्य सरकार जवाब मांगा है. जस्टिस एस वी गंगापुरवाला और आर एन लड्डा की बेंच ने सरकार से अपना हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है. लंपी वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए कोर्ट ने सरकार को एक नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं. इसमें वक्त लग सकता है, इसलिए मामले में अगली सुनवाई 17 नवंबर को होगी.

एस वी गंगापुरवाला और आर एन लड्डा की पीठ स्वाभिमान शेतकरी संघटन के संस्थापक राजू शेट्टी द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी. इस याचिका में कहा गया था कि लंपी वायरस की बीमारी बढ़ रही है, लेकिन राज्य सरकार इस मुद्दे पर सर्कुलर जारी करने के अलावा कुछ भी नहीं कर रही है. याचिका में कहा गया कि पशुओं में संक्रामक और संक्रामक रोगों की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम के तहत सरकार को कदम उठाने चाहिए. याचिका में इस बात का जिक्र किया गया कि भारी बारिश के चलते किसान परेशानियों का सामना कर रहे हैं. बढ़ते लंपी वायरस के चलते उनके पशुओं पर भी खतरा मंडरा रहा है. इसलिए सराकार को उन्हें आर्थिक मदद देनी चाहिए. याचिका में कहा गया लंपी वायरस को कंट्रोल करने के लिए सरकार को पशुओं का सामूहिक टीकाकरण को पूरा करना होगा. इतना ही नहीं याचिका में लंपी वायरस से मरने वाली गाय और भैंस के लिए 1.5 लाख के मुआवजे की भी मांग की गई है.

## ईडी और सीबीआई ने की उद्धव ठाकरे परिवार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में बॉम्बे HC में याचिका दायर


**मुंबई :** महाराष्ट्र से आ रही बड़ी खबर के अनुसार अब ईडी और सीबीआई ने महाराष्ट्र में ठाकरे परिवार के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। दरअसल यह याचिका आय से अधिक संपत्ति के मामले में दायर की गई है। इस याचिका में जांच एजेंसी ने पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे, उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे और बेटों आदित्य और तेजस ठाकरे के खिलाफ एक जांच की मांग की है। वहीं इस मामले पर बॉम्बे हाईकोर्ट में आज ही सुनवाई होनी है। गौरतलब है कि, इससे पहले



इखद के नेता किरीट सोमैया ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। दरअसल उन्होंने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से जुड़ी एक संपत्ति के खिलाफ जनहित याचिका दायर की थी। इसके जरिए उन्होंने संपत्ति की जांच की मांग की थी। वहीं सोमैया ने जिस संपत्ति पर सवाल उठाएथे , वह कथित तौर पर पूर्व CM ठाकरे की पत्नी और शिवसेना विधायक रविंद्र वाइकर की पत्नी मनीषा ने महाराष्ट्र के रायगढ़ में मुरुड तालुका में मिलकर खरीदी थी। वहीं BJP नेता ने पर्यावरण मंत्रालय की तरफ से इस संपत्ति की जांच की मांग की थी। इसके अलावा वह अलीबाग स्थित प्रॉपर्टी के संबंध में पूर्व CM ठाकरे और उनकी परिवार की तरफ से की गई कथित अवैधता की जांच प्रवर्तन निदेशालय और अन्य एजेंसियों से भी कराना चाहते थे। हालाँकि सोमैया पहले भी इस तरह का दावा कर चुके हैं।

## मुंबई की गगनचुंबी इमारतों में फायर इवेक्युएशन लिफ्ट लगाना अनिवार्य

**मुंबई :** बढ़ती आग की घटनाओं को देखते हुए मनपा यह कोशिश कर रही है कि गगनचुंबी इमारतों में इस तरह की घटनाओ में कम जान-माल का नुकसान हो। मनपा ने गगनचुंबी इमारतों में फायर इवेक्युएशन लिफ्ट लगाना अनिवार्य किया है। मुंबई में 70 मीटर ( लगभग 22 मंजिल) और उससे ऊंची इमारतों में इवेक्युएशन लिफ्ट लगाना होगा। दमकल विभाग लिफ्ट नहीं होने पर इमारतों को एनओसी नहीं देगी। पिछले महीने राज्य सरकार ने इस संबंध में सर्कुलर जारी किया था। जिसे मनपा कड़ाई से लागू करने जा



रही है। दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुंबई में आग की घटनाएं बढ़ रही है। ऐसे में कम से कम जान-माल का नुकसान हो यह हमारे लिए बड़ी चुनौती है। गगनचुंबी इमारतों में फायर सेफ्टी और फायर इवेक्युएशन लिफ्ट बहुत जरूरी हो गया है। फायर इवेक्युएशन लिफ्ट एक स्पेशल लिफ्ट है। यह कम से कम 2 घंटे के लिए आग प्रतिरोधी है, ऐसा डिजाइन किया गया है। आग की घटना में कुछ ही मिनट की जागरूकता और बचाव काफी महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में फायर इवेक्युएशन लिफ्ट काफी महत्वपूर्ण साबित होगी। आग की घटना के समय सामान्य लिफ्ट का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। जबकि इवेक्युएशन लिफ्ट से 2 मिनट में 100 लोगों को बाहर निकाला जा सकता है।

## संपादकीय / लेख

# चीन से चौकस



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की बीसवीं राष्ट्रीय कांग्रेस से छन-छन कर आ रही खबरें संकेत दे रही हैं कि आने वाले दिनों में चीन के साम्राज्यवादी तेवर और मुखर होंगे। उसका फोकस सेना के आधुनिकीकरण पर बना रहेगा। ऐसे हालात में जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ऐतिहासिक रूप से तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने जा रहे हैं, भारत की चिंताएं बढ़ना स्वाभाविक होना चाहिए। वे अब पिछले कई दशकों के सबसे शक्तिशाली चीनी नेता बनने वाले हैं। बीसवीं राष्ट्रीय कांग्रेस में शी जिनपिंग संकेत दे चुके हैं कि उनके अगले कार्यकाल में सैन्य आधुनिकीकरण उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वर्ष 2027 में अपनी स्थापना की शताब्दी मनाने जा रही पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को आधुनिक हथियारों व नई तकनीकों से लैस किया जायेगा। यानी सैन्य संगठन के वैश्विक मानकों के अनुरूप सेना का कायाकल्प करके दीर्घकालिक लक्ष्यों को हासिल करने का प्रयास किया जायेगा। हालांकि, चीन का अपने तमाम पड़ोसियों से सीमा विवाद व टकराव रहा है लेकिन ताइवान व भारत उसकी प्राथमिकता में रहे हैं। शी जिनपिंग ने घोषणा की है कि पीएलए आधुनिक सैन्य तकनीकों व प्रशिक्षण के जरिये युद्ध की तैयारी में जुटेगी और लड़ने व जीतने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेगी। जाहिर है सामरिक प्रतिरोध की प्रणाली स्थापित करने की तरफ चीन बढ़ रहा है। यहां तक कि अमेरिका पर निशाना साधते हुए शी ने चेतावनी दी है कि चीन वन चाइना पॉलिसी के तहत ताइवान को मुख्य भूमि से जोड़ने के लिये बल प्रयोग करने से पीछे नहीं हटेगा। चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग की राजनीतिक विचारधारा थी कि ह्यसत्ता बंदूक की नोक से निकलती है।ह्ण उनके वारिस आज माओ के राजनीतिक सिद्धांत का अनुसरण करते हुए साम्राज्यवादी मंसूबों को विस्तार दे रहे हैं। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय कांग्रेस से मिल रहे संकेतों से चीन के इन्हीं इरादों का पता चलता है, जिसके चलते भारत को सतर्क रहने की जरूरत होगी।

दरअसल, राष्ट्रीय कांग्रेस में शी जिनपिंग के बयानों से साफ संकेत हैं कि चीन अपने आक्रामक तेवर कम करने के मूड में नहीं है। रूस-यूक्रेन संघर्ष के चलते पूरी दुनिया गहरी मंदी की ओर बढ़ रही है जिसका असर चीन की अर्थव्यवस्था पर भी गहरे तक पड़ा है। इसके बावजूद चीन कठोर ढंग से कोविड को लेकर जीरो टॉलरेन्स की नीति का अनुसरण कर रहा है। लाखों लोगों को घरों में नजरबंद कर दिया गया है। हालांकि इससे देश की अर्थव्यवस्था इससे बुरी तरह प्रभावित हो रही है। बहरहाल, इसके बावजूद चीन आर्थिक पुनरुत्थान की प्राथमिकता के जरिये छोटे देशों की संप्रभुता से खिलवाड़ का क्रम भी जारी रखेगा। वहीं दूसरी ओर बीजिंग के परमाणु विस्तार कार्यक्रम में तेजी को लेकर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को चिंतित होना ही चाहिए। इसकी मूल वजह यह भी है कि अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन की एक रिपोर्ट चेताती है कि चीन के पास वर्ष 2027 तक सात सौ परमाणु हथियार मौजूद होंगे। वहीं अनुमान है कि वर्ष 2030 तक इनकी संख्या एक हजार तक होने की आशंका है। हालांकि, कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय कांग्रेस में शी ने भारत को लेकर कोई उल्लेख नहीं किया है, लेकिन वर्ष 2020 में चीनी सेना से भारतीय सेना के गलवान घाटी में हुए संघर्ष के वीडियो क्लिप की स्क्रीनिंग सम्मेलन के दौरान करना चीन के मंसूबों को उजागर कर ही देता है। जो अपरोक्ष रूप से भारत पर मानसिक दबाव बनाने की कुत्सित चाल ही है। बहरहाल, पीएलए के तेज आधुनिकीकरण की कोशिशों को देखते हुए भारतीय सशस्त्र बलों के लिये युद्ध की तैयारियों को ऊंचे स्तर तक ले जाने की जरूरत होगी। चीन के साम्राज्यवादी मंसूबों को देखते हुए नये सीडीएस की देखरेख में सेना के तीनों अंगों में बेहतर तालमेल स्थापित करके किसी भी चुनौती से निबटने के लिये तैयार रहना होगा।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# शिंदे -फडणवीस और शरद पवार की डिनर डिप्लोमेसी

## एमसीए चुनाव को लेकर तीनों नेताओं की बैठक



**मुंबई** : राज्य में एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस की सत्ता आने के बाद डिनर डिप्लोमेसी की राजनीति शुरू हो गई है. गुरुवार 20 अक्टूबर को होने वाली मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन की चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं की डिनर पर मुलाकात हुई. एमसीए चुनाव की पूर्व संध्या बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रीतिभोज का आयोजन किया था जिसमे राकांपा प्रमुख शरद पवार शामिल हुए.डिनर पर शरद पवार एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस की हुई बैठक में तीनों नेताओं के बीच एमसीए चुनाव पर सिर्फ चर्चा हुई सूत्रों से ऐसी जानकारी मिली है.बैठक में इसमें किसी तरह की राजनीतिक चर्चा नहीं हुई. सूत्रों ने यह भी बताया कि अमोल काले की जीत तय करने के लिए ये तीनों नेता मिलेंगे। हालांकि अमोल काले एमसीए के वर्तमान उपाध्यक्ष हैं, लेकिन मुंबई क्रिकेट से उनका जुड़ाव हाल ही का है।

शिंदे -फडणवीस की सरकार आने के बाद शरद पवार की यह पहली मुलाकात थी. एमसीए अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अमोल काले उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के करीबी माने जाते हैं,जिनका आशीष शेलार ने समर्थन किया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने भी एमसीए के मतदाताओं की विशेष बैठक की.चुनावी मैदान में एक दूसरे के कट्टर राजनीतिक विरोधियों माने जाने वाले एमसीए के चुनाव में एक मंच पर नजर आए.क्योंकि एमसीए के चुनाव में शरद पवार और आशीष शेलार के पैनल अमोल काले बनाम पूर्व टेस्ट खिलाड़ी संदीप पाटिल का सीधा मुकाबला है।

# बांद्रा-वर्ली सी लिंक के लिए नए सुरक्षा उपाय



**मुंबई** : महाराष्ट्र सरकार के परिवहन विभाग ने प्रतिष्ठित बांद्रा वर्ली सी -लिंक ब्रिज पर सुरक्षा व्यवस्था को और उन्नयन करने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस महीने की शुरूआत में समुद्री लिंक पर हुए घातक दोहरे हादसे के बाद ब्रिज पर सुरक्षा को लेकर सवाल खड़ा हो गया था। इस पुल पर ह्यघटना प्रबंधन प्रणाली ह्णनाम का एक नया सॉफ्टवेयर लागू किया जाएगा जो किसी भी घटना के आधे मिनट के भीतर कई एजेंसियों के साथ-साथ समुद्री लिंक पर चलने वाले वाहनों को यातायात को लेकर चौकन्ना करेगा। सी लिंक पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए बैठक का हिस्सा रहे अधिकारी ने कहा, ''यह प्रणाली टोल ऑपरेटरों, त्वरित प्रतिक्रिया टीम को सतर्क करेगी, दृश्य डिजिटल साइनपोस्ट, यातायात अधिकारियों, आदि पर संदेश देगी।''

# MNS ने फिर लिखा गृहमंत्री फडणवीस को पत्र-पुलिसकर्मियों को बोनस देने की मांग की




**मुंबई** : देश में दिवाली की धूम मची है।राज्य में सरकारी कर्मचारियों को बोनस दिया जा रहा है। वहीं, प्राइवेट क्षेत्र, कॉरपोरेट कंपनियां भी कर्मचारियों और कामगारों को दिवाली का बोनस देती हैं। लेकिन, इन सब में महाराष्ट्र पोलिस को सबने अनदेखा कर दिया है। दिन रात अपनी जान की फिक्र न करते हुए बस जनता की सेवा लड़ने वाले पुलिसकर्मियों को न बोनस मिला और ना ही एडवांस पेमेंट। ऐसे में अब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने राज्य के गृहमंत्री और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से पुलिसकर्मियों को बोनस देने की मांग की है। हाल ही में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के महासचिव मनोज चव्हाण ने उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखा है। उन्होंने इस पत्र के माध्यम से मांग की है कि, जो हमेशा सतर्क और काम करते हैं, चाहे वह त्योहार हो या कोई विपदा जो कभी नहीं थकता। ऐसे महाराष्ट्र के पोलिसकर्मियों को को बोनस देकर उनकी दिवाली भी खुशियों से भर दें।

उन्होंने अपने पत्र में आगे लिखा कि, महाराष्ट्र पुलिस अधिकारी त्योहारों, समारोहों, प्राकृतिक आपदाओं और आतंकवादी गतिविधियों के दौरान ड्यूटी पर रहते हैं। भीड़ में वर्दी होने के कारण धर्म का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसलिए त्योहारी सीजन में महाराष्ट्र पुलिस को भी खुश रहने का मौका दिया जाएं। मनोज चव्हाण ने इस पत्र के माध्यम से मांग की है कि इस साल दिवाली पर पुलिसकर्मियों को बोनस दिया जाए। इस बीच कुछ दिन पहले मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर मांग की थी कि भाजपा अंधेरी उपचुनाव न लड़े, जिसकी मांग भी मान ली गई।

# महाराष्ट्र में आरसीएफ प्लांट के अंदर धमाका... !

## 3 की मौत, कई जख्मी




**मुंबई:** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में स्थति राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स (आरसीएफ) प्लांट में धमाका हुआ है। प्लांट में एयर-कंडीशनर कंप्रेसर में अचानक से विस्फोट हो गया।

इस हादसे के बाद वहां काम कर रहे तीन श्रमिकों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना बुधवार देर शाम की है। राहत और बचाव का काम तेज कर दयिा है। वहीं घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रायगढ़ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर अलीबाग के थल स्थित आरसीएफ प्लांट में कामगारों का एक ग्रुप एयर कंडीशनर की मरम्मत कर रहा था। तभी शाम करीब 4.45 बजे अचानक एसी कंप्रेसर में धमाका हो गया। रायगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घरगे ने बताया कि इस घटना में तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए।

जांच में जुटी पुलिस - पुलसि का कहना है कि आगे की जांच जारी है और हम अलीबाग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करेंगे। घायलों को एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# 'उन्हें फंसाने के लिए गवाहों को मारा पीटा जाता था

## समीर वानखेड़े ने NCB के DDG ज्ञानेश्वर सिंह पर लगाए गंभीर आरोप

**मुंबई :** एनसीबी इकाई के पूर्व चीफ समीर वानखेड़े ने नारकोटिक्स ब्यूरो के कई अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने विजिलेंस टीम के उप महानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है. समीर वानखेड़े ने इसी साल के फरवरी महीने में नेशनल कमीशन ऑफ शेड्यूल कास्ट को ज्ञानेश्वर सिंह के खिलाफ शिकायत दी, जिसमें उन्हें और उनके परिवार को परेशान करने का आरोप लगाया. वानखेड़े ने अपनी शिकायत में कहा की इनके खिलाफ सबूत जमा करने के लिये गवाहों को मारा पीटा जाता था और उनके खिलाफ बयान देने के लिए फोर्स किया जाता था. अब राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने इस शिकायत का संज्ञान लेते हुए जांच करने की तैयारी कर ली है. कमीशन ने एनसीबी को उनकी विशेष जांच दल द्वारा सबमिट किए रिपोर्ट की कॉपी और संबंधित दस्तावेज कमीशन को 15 दिन के भीतर जमा करने के लिए



कहा है. आयोग ने मंगलवार (17 अक्टूबर) को एक बयान में कहा कि वह ज्ञानेश्वर सिंह द्वारा किए गए कथित उत्पीड़न और अत्याचारों की जांच करेगा और निर्देश दिया कि इस मामले में तब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी जब तक कि शिकायत पैनल के समक्ष लंबित नहीं है.

**एनसीबी ने जांच में पाई खामियां**

पिछले अक्टूबर में मुंबई में एक क्रूज जहाज से कथित नशीली दवाओं की जब्ती की जांच में कई खामियां पाए जाने के बाद एनसीबी ने सतर्कता जांच शुरू की थी. बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को जहाज पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें इस मामले में 'क्लीन चिट' दे दी गई थी. जब गोवा जाने वाले जहाज पर छापेमारी की गई तब वानखेड़े एनसीबी मुंबई के जोनल डायरेक्टर थे.

**आयोग ने क्या कहा?**

बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) को वानखेड़े से एक शिकायत या सूचना मिली है और आयोग ने संविधान के तहत उसे मिली शक्तियों के अनुसार मामले की जांच करने का फैसला किया है. समीर वानखेड़े, जिन्हें मई में चेन्नई में डीजी करदाता सेवा निदेशालय में ट्रांसफर कर दिया गया था, ने भी एनसीएससी के अध्यक्ष से मुलाकात की और उनके मामले पर विस्तार से चर्चा की. बयान में कहा गया है कि याचिकाकर्ता (जो अनुसूचित जाति से संबंधित है) के साथ भेदभाव और उत्पीड़न प्रतीत होता है. इसलिए, एनसीएससी चाहता है कि इस मामले में आयोग में मामला लंबित होने तक आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाए. आयोग ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टेक्सास एंड कस्टम्स (सीबीआईसी) को एनसीबी की स्पेशल इंक्वायरी टीम (एसईटी) द्वारा जमा किए गए मूल दस्तावेजों को पैनल द्वारा जांच के लिए सौंपने को कहा है.

## जबरन वसूली का नहीं मिला कोई सबूत

*एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि एनसीबी जांच में ड्रग्स-ऑन-क्रूज मामले की जांच में कई अनियमितताएं सामने आई हैं, लेकिन जबरन वसूली का कोई सबूत नहीं मिला है. मामले की जांच कर रहे एनसीबी के विशेष जांच दल ने कुछ सप्ताह पहले अपनी सतर्कता रिपोर्ट सौंपी थी. इसने एनसीबी के सात से आठ अधिकारियों के ''संदिग्ध व्यवहार'' की ओर इशारा किया गया है. अधिकारी ने कहा था कि ड्रग्स-ऑन-क्रूज मामले की जांच में शामिल अधिकारियों की मंशा पर भी सवाल उठाए गए थे और कुछ लोगों ने कई बार अपने बयान बदले थे. उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई है, जिन्हें उस समय एनसीबी में तैनात थे.*

## एसटी कर्मचारियों को 5 हजार की दिवाली भेट!



मुंबई। मुंबई के बेस्ट कर्मचारियों की तर्ज पर दिवाली पर्व पर बोनस की मांग कर रहे एसटी कर्मचारियों को दिवाली भेट के रूप में 5 हजार रुपए देने का निर्णय एसटी महामंडल ने लिया है। इसके लिए राज्य सरकार ने 45 करोड़ रुपए की आर्थिक मदद की है। एसटी महामंडल के उपाध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक शेखर चन्ने ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस निर्णय का फायदा तकरीबन 87 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को होगा। हर साल अधिकारियों और कर्मचारियों को वित्तीय रूप में दिवाली भेट दी जाती है। कोरोना संकट के चलते यात्रियों की संख्या कम होने से एसटी को पिछले दो साल से आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में भी महामंडल ने इस साल सामान्य अधिकारियों और कर्मचारियों को दिवाली के तोहफे के तौर पर 5 हजार रुपए देने का फैसला किया है।

## हेड कांस्टेबल ने युवती का रेप कर बनाया वीडियो, कही और शादी तय होने पर किया वायरल




**कानपुरः** कानपुर में एक हेड कांस्टेबल की शर्मनाक करतूत सामने आई है। पहले एक युवती को शादी का झांसा देकर रेप किया। इस दौरान उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। बाद में शादी से इनकार कर दिया। परिजनों ने युवती की दूसरी जगह शादी तय की तो एक युवक से उसका अश्लील वीडियो वायरल करा दिया। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने हेड कांस्टेबल और वीडियो वायरल करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने हेड कांस्टेबल को निलंबित भी कर दिया है। रसूलाबाद थाने की तिश्ती चौकी में साल 2018 में तैनाती के दौरान हेड कांस्टेबल की युवती से जान पहचान हुई थी। वर्तमान में मंगलपुर थाने की कंचौसी चौकी में तैनात हेड कांस्टेबल दिलीप कुमार ने शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने के साथ उसके अश्लील वीडियो भी बना लिए थे। वहां से स्थानांतरित होने के बाद उसने शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद परिजनों ने युवती की शादी कानपुर नगर में तय कर दी। इसकी जानकारी होने पर दिलीप ने बर्रा कानपुर में रहने वाले विशाल के माध्यम से उसके अश्लील वीडियो वायरल करा दिए। इससे आहत युवती ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। अफसरों के निर्देश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित हेड कांस्टेबल दिलीप व विशाल को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सुनीति ने बताया कि आरोपित हेड कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। दोनों आरोपितों के मोबाइल व इलेक्ट्रानिक्स डिवाइस जब्त कर छानबीन कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि हेड कांस्टेबल के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

# कितना खतरनाक है कोरोना का BB सब-वेरिएंट?

## महाराष्ट्र में 18 केस मिल... पूर्व-एम्स प्रमुख गुलेरिया ने दी चेतावनी

देश में कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान सबसे ज्यादा प्रभावित रहने वाले राज्य महाराष्ट्र में इस सब-वेरिएंट के कई मामले सामने आए हैं। महाराष्ट्र में अक्टूबर के पहले पखवाड़े में ओमिक्रॉन के एक्सबीबी सब-वेरिएंट के कम से कम 18 मामले सामने आए हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इनमें से 13 मामले पुणे से, दो-दो मामले नागपुर और ठाणे से तथा एक मामला अकोला जिले से सामने आया। उन्होंने कहा, ''आईएनएसएसीओजी लैब की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में अक्टूबर के पहले पखवाड़े में एक्सबीबी वेरिएंट के 18 मामले दर्ज किए गए हैं।'' इन मामलों के अलावा पुणे में इद.1 और इ.अ.2.3.20 सब-वेरिएंटों का एक-एक मामला भी दर्ज किया गया है। ये मामले 24 सितंबर से 11 अक्टूबर के बीच आए। प्रारंभिक सूचना के अनुसार, सभी मामलों में हल्के लक्षण देखे गए। इन 20 मामलों (एक्सबीबी के 18 और बीक्यू.1 और बीए.2.3.20 का एक-एक मामला) में से 15 मामलों में मरीजों ने कोविड-19 रोधी टीके की खुराक ली है जबकि



बाकी के पांच मामलों की जानकारी अभी नहीं मिली है। पुणे में आया बीक्यू.1 स्वरूप के मामले में मरीज ने अमेरिका की यात्रा की थी। रिपोर्ट के अनुसार, ''आनुवंशिक उत्परिवर्तन वायरस के प्राकृतिक जीवन चक्र का हिस्सा हैं और इसे लेकर चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि कोविड की रोकथाम के लिए उचित एहतियात बरतनी चाहिए।''


**कितना खतरनाक है कोरोना का इइ सब-वेरिएंट?**

इइ ओमिक्रॉन का सब-वेरिएंट है। इसने सिंगापुर में खूब लोगों को प्रभावित किया। ड्ढ्रइड्डल्ल का इइ वेरिएंट, इअ.2.75 और इख.1 का ही एक संयोजक वेरिएंट है। इसके कारण सिंगापुर में कोविड मामलों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है और अब भारत में भी पाया गया है। यही वेरिएंट अब महाराष्ट्र, केरल और अन्य राज्यों में कोविड के मामलों में वृद्धि का कारण बन रहा है।

एक्सबीबी वेरिएंट में पिछले ओमिक्रॉन सब-वेरिएंट की तुलना में बहुत अधिक म्यूटेशन होने की सूचना मिली है। यह अब तक कई बार म्यूटेट हो चुका है और इसके खिलाफ पिछले संक्रमणों और टीकों के माध्यम से प्राप्त प्रतिरक्षा काम नहीं कर सकती है। इससे सिंगापुर में अस्पताल में भर्ती होने के मामले भी बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि त्योहारी सीजन में लोगों को अधिक सावधान रहने की जरूरत है।

**पूर्व-एम्स प्रमुख गुलेरिया ने दी चेतावनी**

वरिष्ठ स्वास्थ्य विशेषज्ञ ने तेजी से फैल रहे ओमिक्रॉन स्ट्रेन के सब-वेरिएंटों के उद्भव के मद्देनजर सावधानी बरतने की अपील की है। एम्स, दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉक्टर रणदीप गुलेरिया ने कहा, ''नए वेरिएंट में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) की प्रवृत्ति है''। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हालांकि, ''अब स्थिति अलग है। पहले कोई टीकाकरण नहीं हुई था, लेकिन अब लोगों को टीका लग चुका है और वायरस के खिलाफ प्रतिरक्षा विकसित कर ली है।'' उनके अनुसार, अस्पताल में भर्ती होने और आईसीयू में भर्ती होने की संभावना अब कम है। गुलेरिया ने भी मास्क पहनने की सलाह दी है। इसके अलावा, उन्होंने उच्च जोखिम वाले समूहों जैसे बुजुर्गों से बाहर जाने से बचने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ''अगर आप बाहर जा रहे हैं और खासकर भीड़-भाड़ वाली जगहों पर, तो आपको मास्क पहनना चाहिए। उच्च जोखिम वाले समूहों, बुजुर्गों को बाहर जाने से बचना चाहिए क्योंकि इससे संक्रमण फैलने की संभावना अधिक होती है।'' इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने देश के कुछ हिस्सों से ओमिक्रॉन स्ट्रेन के नए सब-वेरिएंट के मामले सामने आने के बीच कोविड-19 संक्रमण की स्थिति की समीक्षा की।



# 26 अक्टूबर को कार्यभार संभालेंगे मल्लिकार्जुन खड़गे

## BJP के मिशन 2024 को देंगे टक्कर

कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 26 अक्टूबर को कार्यभार संभालेंगे. इसकी जानकारी कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने दी.

जीत के बाद खड़गे ने अपने पहले प्रेस कान्फ्रेंस में चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर को बधाई दी और बीजेपी के मिशन 2024 को चुनौती भी दी.

**कांग्रेस अध्यक्ष बनते ही खड़गे ने बीजेपी को ललकारा**

कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में भारी जीत मिलने के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में जहां अपने साथी और चुनाव में प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर को बधाई दी, वहीं उन्होंने बीजेपी के 2024 मिशन को टक्कर देने और केंद्र में सरकार बनाने का लक्ष्य रखा है. उन्होंने कहा, मैं अपने साथी शशि थरूर को भी बधाई देना चाहता हूं. मैं उनसे मिला और चर्चा की कि पार्टी को कैसे आगे बढ़ाया जाए. मैं सभी पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से सोनिया गांधी को धन्यवाद देना चाहता हूं. उनके नेतृत्व में हमने केंद्र में दो बार अपनी सरकार बनाई.

**मल्लिकार्जुन खड़गे का केंद्र सरकार पर हमला**

कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बीजेपी और केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा, सरकार देश में नफरत फैला रही है. पूरा देश राहुल गांधी के संघर्ष से जुड़ रहा है.



**कांग्रेस ने लोकतंत्र को मजबूत किया**

अपने पहले प्रेस वार्ता में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, कांग्रेस ने लगातार लोकतंत्र को मजबूत किया है. उन्होंने कहा, कांग्रेस ने संविधान की रक्षा की. खड़गे ने सोनिया गांधी का इस मौके पर आभार व्यक्त किया और कहा, मैं सोनिया गांधी का आभार व्यक्त करता हूं, उन्होंने अपने खून पसीने से पार्टी को सींचा है.

**कांग्रेस में कोई बड़ा या छोटा नहीं : खड़गे**

कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हम सभी को पार्टी के कार्यकर्ताओं की तरह काम करना है. उन्होंने आगे कहा, पार्टी में कोई भी बड़ा या छोटा नहीं होता है. खड़गे ने कहा, हमें सांप्रदायिकता की आड़ में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला करने वाली फासीवादी ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा.

### कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव में खड़गे ने दर्ज की धमाकेदार जीत...

**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को पार्टी के नये अध्यक्ष निर्वाचित किया गया. उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर को 6,825 मतों के अंतर से पराजित किया. कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री ने मल्लिकार्जुन खड़गे को निर्वाचित घोषित किया. उन्होंने बताया कि खड़गे को 7,897 वोट मिले तथा थरूर को 1,072 वोट हासिल हुए.**

### बीएमसी बढ़ाने जा रही है कांट्रैक्ट

**परियोजना की देखरेख करने वाली कंपनी का एग्रीमेंट खत्म हो गया है। उसके बाद इसकी देखरेख बीएमसी को करना है। बीएमसी ने उक्त कंपनी को दुबारा से मरम्मत और रखरखाव करने की मांग थी थी। एयरोकेयर का कांट्रैक्ट बीएमसी ने अगले सात वर्ष के लिए बढ़ाने जा रही है। जिस पर 2 करोड़ 17 लाख रुपए खर्च आएंगे। ठेके की राशि में प्रति वर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए बीएमसी प्रशासक के पास भेजा गया है।**

# मस्जिद बंदर स्थित ऋषभ शुद्ध घी भंडार से 400 किलो मिलावटी घी जब्त!

## दिवाली के मद्देनजर एफडीए की कार्रवाई



**मुंबई :** खाद्य व औषधि प्रशासन मस्जिद बंदर स्थित ऋषभ शुद्ध घी भंडार के गोदाम से 400 किलो मिलावटी घी जब्त किया है. जब्त किए गए घी की कीमत तीन लाख रुपए है. खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री संजय राठौड़ ने एफडीए को मिलावटखोरों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया था. इस समय दीपावली का त्यौहार नजदीक है और लोग दुकानों पर खाने-पीने का सामान, मिठाइयां, तरह-तरह के मसाले, तेल, घी आदि खरीदने के लिए उमड़ रहे हैं. साथ ही कई नागरिकों की शिकायत है कि इन पदार्थों में मिलावट की जा रही है. इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री संजय राठौड़ ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन को ऐसे उत्पादकों, वितरकों और विक्रेताओं की गहन जांच करने और खाद्य सामग्री के संदिग्ध और उल्लंघन करने वाले प्रावधानों के नमूने लेने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया था. विभिन्न खाद्य पदार्थ, मिठाई, चॉकलेट, तेल, घी खरीदने के लिए बाजार में भीड़ बढ़ गई है. वहीं इन उत्पादों में मिलावट की शिकायतों के चलते मंत्री ने इसका सीधा संज्ञान लिया. राठौड़ ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन को ऐसे निर्माताओं, वितरकों और विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की धारा 9डी(ए) के प्रावधानों तथा इसके तहत सरकार द्वारा बनाये गये नियमों एवं अधिसूचनाओं के मद्देनजर नागरिकों द्वारा शिकायत की जाती है कि बाजार में प्रसिद्ध ब्रांड कई सौंदर्य प्रसाधन भी नकली लेबलिंग, पैकेजिंग के साथ बेचे जा रहे हैं. दिवाली के दौरान इस्तेमाल होने वाले इन उत्पादों में मिलावट की कई शिकायतें हैं.

# महावितरण के भांडुप परिमंडल में बिजली चोरों के खिलाफ धड़क अभियान

**भांडुप :** महावितरण के भांडुप परिमंडल के मुख्य अभियंता ए. धनंजय औंढेकर के मार्गदर्शन में भांडुप अंचल में बिजली चोरों के खिलाफ धड़क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में सितंबर 2022 से अब तक करीब 2.45 करोड़ की बिजली चोरी करने वाले 333 बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है।

महावितरण हमेशा अपने ग्राहकों को अच्छी सेवा प्रदान करने का प्रयास करता है। महावितरण के कर्मचारी धूप, बारिश में काम कर रहे हैं। वे ग्राहकों को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली प्रदान करने का प्रयास करते हैं। लेकिन, ऐसे अवैध बिजली चोरी करने वाले ग्राहकों का खामियाजा अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ ईमानदार ग्राहकों को भी भुगतना पड़ता है। भांडुप अंचल में ठाणे, वाशी व पेन अंचल कार्यालयों में पिछले एक माह से बिजली चोरों के खिलाफ हड़ताल अभियान चल रहा है। इस अभियान को तेज किया जाएगा और ठाणे, वाशी और पेन मंडलों में अधीक्षण अभियंताओं ने सितंबर 2022 से अब तक 333 लोगों की बिजली चोरी का पदार्फाश किया है। विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 135 के अनुसार 184 प्रकरणों में 117.7 लाख तथा 82 प्रकरणों में धारा 126 के अनुसार 105.17 लाख की विद्युत चोरी पकड़ी गई है। इसमें कई जगह मीटर से छेड़छाड़ या मीटर बायपास करते पाए गए हैं। इसके अलावा सीधे बिजली लाइनों पर नंबर लगाकर 22.09 लाख की बिजली चोरी के 67 मामलों का पता लगाया गया है। महावितरण भांडुप परिमंडल मुख्य अभियंता धनंजय औंढेकर ने बिजली चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी और सभी ग्राहकों से बिजली कनेक्शन का ईमानदारी से उपयोग करके बिजली का उपयोग करने की अपील की और ग्राहकों से नियमित रूप से बिजली बिलों का भुगतान करके महावितरण के साथ सहयोग करने का अनुरोध किया।



# राज्य में राशन दुकानों पर पंहुचा दिवाली गिफ्ट

मुंबई। राज्य की आम जनता की दिवाली मीठी और राशन की दुकानों पर अनाज लेने वाले लाखों नागरिकों को चार वस्तु को सिर्फ 100 रुपए में देने का निर्णय लिया है.यह सामग्री बेहद कम समय में आम जनता को पहुंचाने का प्रयास शुरू है इस बात की जानकारी देते हुए राज्य के खाद्य आपूर्ति नागरिक मंत्री रविंद्र चव्हाण ने कहा कि 19 और 20 अक्टूबर तक जिला और तालुका स्तर पर पहुंचा दी जाएगी इसके बाद उसका वितरण शुरू किया जाएगा। रविंद्र चव्हाण ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से राज्य के संबंधित अधिकारियों से बातचीत की और



उन्हें जल्द से जल्द यह सामग्री आम जनता तक पहुंचाने का निर्देश दिए.सरकार ने दिवाली पर्व पर राशन कार्ड धारकों को एक किलो रवा एक किलो चना की दाल, एक किलो चीनी और एक किलो पाम तेल यह चारो यह चार सामग्री सिर्फ 100 रुपए में जनता को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है.इस योजना का लाभ अंत्योदय प्राधान्य कुटुंब प्रमुख राशन कार्ड धारकों सहित एपीएल के साथ -साथ किसान कार्ड धारकों को मिलेगा राज्य के करीब एक करोड़ 71 लाख राशन कार्ड धारको को इस योजना का लाभ मिलने वाला है.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com